मिशन शक्ति के अंतर्गत शहीद पार्क में किया गया कार्यक्रम आयोजित

शाहजहांपुर– मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए बृहस्पतिवार को नगर के शहीद पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर की सम्मानित महिलाओं द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के सशक्तिकरण व आत्मनिर्भर बनने की अपील की गई साथ ही कचरे के ठोस प्रबंधन के बारे में महिलाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई वह घर पर ही गीले कचरे को होम कंपोस्टिंग के माध्यम से कचरे के सही निपटान के बारे में जानकारी दी गई जिससे नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाया जा सके नगर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को अपने अधिकारों को जानने और उनका सही प्रयोग करने तथा पीएम सुनिधि योजना का लाभ उठाए जाने की अपील की गई जिससे महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन सकें इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से नगर निगम व्यापार मंडल के सहयोग से चलाई जा रही नेकी की दीवार मैं घर के पुराने कपड़ों को दान करने की अपील की गई जिससे उनका सही उपयोग हो सके कार्यक्रम में उपस्थित स्वच्छता प्रभारी श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव द्वारा सड़कों को साफ रखने कचरे को इधर उधर ना करने व साफ-सफाई में अभी सहयोग करने की अपील की गई जिससे नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाया जा सके श्रीमती पूनम मल्होत्रा द्वारा सभी महिलाओं से अपील की गई कि पीएम निधि योजना का लाभ उठाएं वह पंजीकरण कराएं जिससे आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सके फर्रुखाबाद से श्रीमती अनुपमा शर्मा (एडवोकेट) द्वारा सभी महिलाओं को सशक्त बनाए जाने हेतु कानून के अधिकारों के बारे में बताया व सभी महिलाओं को दुर्गा माता के समान बताया गया इस मौके पर उप नगर आयुक्त आशुतोष दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी गौतम ,मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती आरती सिंह, महाप्रबंधक जल बी.एन द्विवेदी, स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अलका श्रीवास्तव, फर्रुखाबाद से श्रीमती अनुपमा शर्मा ,जय गणेश सेवा समिति से पूनम मल्होत्रा, महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष श्रीमती हिमानी खन्ना, लायंस क्लब संगिनी श्रीमती गुरप्रीत लांबा, रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप से विक्की सैनी, लोक भारत से प्रेमपाल सिंह, एवं अन्य सम्मानित महिलाएं उपस्थित रही।